दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

400 बोरी नकली कामधेनु सीमेंट से भरा ट्रक पकड़ा / 400 बोरी नकली कामधेनु सीमेंट से भरा ट्रक पकड़ा

Bhind News - बेहट रोड से व्यापारियों की शिकायत पर पकड़ा सीमेंट से भरा ट्रक भास्कर संवाददाता | भिंड (मौ) मौ कस्बे में बेहट रोड...

Feb 16, 2018, 02:15 AM IST

बेहट रोड से व्यापारियों की शिकायत पर पकड़ा सीमेंट से भरा ट्रक

भास्कर संवाददाता | भिंड (मौ)

मौ कस्बे में बेहट रोड स्थित गोदाम से कामधेनु सीमेंट से भरा ट्रक मौ पुलिस ने बरामद किया है। इस ट्रक में कामधेनु सीमेंट की करीब 400 बोरियां भरी हुई थीं। पुलिस ने यह कार्रवाई गुरुवार की दोपहर 11 बजे की है।

ग्वालियर-भिंड के डीलर तरुण गुप्ता ने थाने में शिकायत कर बताया कि सरपंच लक्ष्मणसिंह द्वारा कामधेनु का फर्जी रैपर लगाकर नकली सीमेंट बेची जा रही है, इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकानदार से कागजात लेकर उसके गोदाम की जांच की। साथ ही वहां खड़ा एक ट्रक जिसमें 400 के करीब बोरियां भरी थी उसे जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मौ थाना के एसआई अभिषेक सिंह का कहना है कि नकली सीमेंट की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

Source: https://www.bhaskar.com/news/MP-OTH-MAT-latest-bhind-news-021502-1126291-NOR.html